**Student Name - .    Roll No - 130428    Subject - ESSAY    Total Score : 197.00**

| SrNo | 1) Q1 (100.00) | 2) Q2 (100.00) | 3) Q3 (100.00) | 4) Q4 (100.00) | 5) Q5 (100.00) | 6) Q6 (100.00) | 7) Q7 (100.00) | 8) Q8 (100.00) | 9) Q9 (100.00) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0.00 | 66.00 | 0.00 | 0.00 | 73.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

| 10) Q10 (100.00) | 11) Q11 (100.00) | 12) Q12 (100.00) |
|---|---|---|
| 58.00 | 0.00 | 0.00 |

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

## परीक्षार्थी के लिए आवश्यक अनुदेश

इन्हें सावधानी से पढ़ें और इनका अनुपालन करें, अन्यथा दंड के भागी होंगे।

1. इस उत्तर पुस्तिका में (40) क्रमांकित पृष्ठ हैं। इनका सत्यापन कर लें। त्रुटि/कमी होने पर उत्तर पुस्तिका बदलवा लें।
2. प्रवेश पत्र से मिलान कर, केवल इस आवरण पृष्ठ पर विहित स्थान पर अपना नाम एवं अनुक्रमांक (Enrolment Number) अंतर्राष्ट्रीय अंकों तथा अक्षरों में लिखें।
3. अनुक्रमांक के सभी 'अंक' अलग-अलग बॉक्स में लिखें। 'शब्दों में' प्रत्येक अंक ठीक उसके नीचे, लम्बे बॉक्स में, एक ONE अक्षरवार लिखें।
4. उत्तर पुस्तिका के अंदर किसी पृष्ठ पर प्रश्नोत्तर के अलावा अपना नाम, अनुक्रमांक, अन्य कोई (धार्मिक) शब्द या पहचान चिह्न एवं परीक्षक को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रार्थना/धमकी भरी बातें न लिखें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
5. प्रश्नों के उत्तर ठीक उसके नीचे दिए गए निर्धारित स्थान पर ही लिखें। निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर लिखे गए उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। परीक्षार्थी जिस प्रश्नोत्तर को लिखना चाहते हों, उसके सामने बने बॉक्स के अंदर Tick ☑ का निशान लगाएँ। उदाहरण—1.(a) ☐ or 1.(b) ☐
6. यदि आप किसी प्रश्नोत्तर को रद्द करना चाहें, तो आर-पार क्रॉस (×) कर काट दें और उस पर 'रद्द' लिखें।
7. उपस्थिति पत्र पर प्रत्येक परीक्षा के लिए वही हस्ताक्षर करें, जो उपस्थिति पत्र पर आपने पूर्व में किया है। अन्यथा, उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
8. प्रश्नों के उत्तर एक ही स्याही से लिखें। यदि स्याही बदलनी ही पड़े, तो इस आशय का वीक्षक (Invigilator) से आवरण पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर ▣ अभिप्रमाणन अवश्य ही करा लें।
9. उपस्थिति सूची में अपने नाम के समक्ष उत्तर पुस्तिका की संख्या अवश्य लिखें और हस्ताक्षर करें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
10. परीक्षा कक्ष में यदि कोई पुस्तक/उत्तर सामग्री आपसे बरामद होगी या नकल करते/कराते बात-चीत करते/दुर्व्यवहार करते पाए जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी पाँच वर्षों के लिए तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा। साथ ही बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1985 के उपबंधों के अधीन भी दंडित किए जाएँगे।
11. कोई अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी।
12. उत्तर पुस्तिका सौंपने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष से बाहर निकलें।
13. केन्द्राधीक्षक के निर्देशों का प... अनिवार्य है।

504

EXAM.—20/FI/CC/M-2023-38

विषय : निबंध

SUB : ESSAY

उत्तर का माध्यम : हिन्दी अंग्रेजी उर्दू

Answer Medium : Hindi English Urdu

● ○ ○

Subject Barcode :

तिथि/Date 06/01/2024

| प्रश्न संख्या Q. No. | प्राप्तांक/Marks Obtained (परीक्षक भरेंगे) |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

कुल (अंकों में) TOTAL (in figures)

कुल (शब्दों में) TOTAL (in words)

परीक्षक EXAMINER | प्रधान परीक्षक HEAD EXAMINER

विषय : निबंध

SUB : ESSAY

EXAM.—20/FI/CC/M-2023-38

B

...प्रयोग के लिए ...for Office use

23816035

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें

Candidates should not write in this margin

[ Full Marks : 300

...about 700 to 800 words : 100

...शब्दों में एक निबंध लिखिए :

...ling the mysteries of the

...क है

...ral economy of the nation

...क बना सकते हैं

...and corruption

...कारण है

...ionized human awareness

...नोलॉजी के प्रति जागरूकता में

...कर देश की

...त्मक बना सकते हैं"

...है श्यामल"

सुमित्रानंदन पंत

...त हैं

...pace

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

इस पृष्ठ पर न लिखें

DO NOT WRITE ON THIS PAGE

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

3

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

# ESSAY

Time : 3 Hours ] [ Full Marks : 300

## Section—I

## खण्ड—I

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

1. ☐ Science and technology are helpful in understanding the mysteries of the universe

विज्ञान और प्रौद्योगिकी ब्रह्मांड के रहस्यों को जानने में सहायक है

2. ☑ Improving the agricultural system can support the rural economy of the nation

कृषि व्यवस्था में सुधार कर देश के ग्रामीण अर्थतंत्र को सशक्त बना सकते हैं

3. ☐ Black money economy is the main cause of crime and corruption

काले धन की अर्थव्यवस्था अपराध और भ्रष्टाचार का प्रमुख कारण है

4. ☐ The modern communication revolution has revolutionized human awareness of means of communication and technology

आधुनिक संचार क्रांति ने मानव के संचार के साधनों और टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूकता में क्रांतिकारी रूप से वृद्धि की है

✓ 66 Q2

NA Q1

"कृषि व्यवस्था में सुधार कर देश की ग्रामीण अर्थतंत्र को सशक्त बना सकते हैं"

✓

"भारतमाता ग्रामवासिनी,
खेतों में फैला है श्यामल"
सुमित्रानंदन पंत

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

NA Q3

NA Q4

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

आज भी जब हमारे कानों में यह संगीत कहीं से झनकार सुनायी दे की,

"मेरे देश की धरती ... सोना उगले-उगले हीरा मोती"

तो सहसा ही हमारे मनोमस्तिष्क पर उस ग्रामीण खेतों तथा उसमें लहलहाते फसलों का मानचित्र उभरने लगता है जो हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारे उद्योगों केलिए महत्वपूर्ण कच्चा माल उपलब्ध कराती है तो भारत की लगभग 65% ग्रामीण आबादी की आजीविका का आधार है। हमारे थाली का आधार भी है तो आत्मनिर्भर भारत की पहचान, ऐसे में कृषि व्यवस्था तथा ग्रामीण अर्थतंत्र एक दूसरे के पूरक है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

भारत की जीडीपी में लगभग 18% का योगदान करने वाली कृषि व्यवस्था आज अनेक समस्याओं का सामना कर रही है। देश के विभिन्न हिस्सों से किसानों द्वारा आत्महत्या की आती खबरें, किसानों द्वारा सड़को पर दूध, टमाटर, सब्जी का विरोधस्वरुप फेंका जाना, उत्पाद का उचित मूल्य नहीं ~~मिल~~ मिलना, सिंचाई की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होना, कृषि के प्रति निवेश का नगण्य अंश होना, कृषि तकनीकीकरण की पिछड़ापन स्थिति आदि ऐसी स्थिति है, जिससे आज भारतीय कृषि 'जीवन निर्वाह कृषि' तथा घाटे का सौदा बन कर रह गयी है।

इसका प्रभाव हमें ग्रामीण अर्थतंत्र भी देखने को मिलता है। उदाहरण के लिए

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

जिस कृषि काम को 5 व्यक्ति कर सकते थे, उसमें आपको 20 व्यक्ति काम करते दिख जाएँगे, जो अदृश्य बेरोजगारी का उदाहरण है। NCRB के रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश मे लगभग 14 हजार किसानों ने आत्महत्या की है, जिसमें अधिकांश ऋणग्रस्तता का शिकार थे, तो यह ग्रामीण अर्थतंत्र के लिए मानव पूँजी हानि नहीं है तो क्या है?

गाँवो से आज शहरों की तरफ पलायन रोजगार अवसरों की तलाश मे हो रहा तो यह प्रश्न विचारणीय है कि गाँव, जिन्हें भारत की आत्मा कहा जाता है, उनकी जर्जर हालत ऐसे क्यों है? ग्रामीण अर्थतंत्र का ढाँचा आज अस्त-व्यस्त क्यों दिखता है और हमारी चाहतें कुछ और बयां करती है,

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

ऐसे में किसी कवि की यह उक्ति सटिक है,

" तुम्हारी फाइलों में गाँव का मौसम गुलाबी है,
यह दावा झूठा है, यह किताबी है "

आज कृषि अर्थव्यवस्था के विविध रूपों – पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि निर्यात में संभावनाएँ आदि ऐसे तत्व है, जो ग्रामीण अर्थतंत्र को मजबूती दे सकते है।

अगर हम पशुपालन क्षेत्र की ही बात करें तो पशु गणना रिपोर्ट, 2019 के अनुसार भारत में कुल पशुओ की संख्या 535.78 मिलियन थी, जिसमें लगभग 192 मि. मवेशी थे और इनका अधिकांश संकेद्रण ग्रामीण क्षेत्रों में है। गाँव की आजीविका साधनो में पशुपालन क्षेत्र लगभग 14% का योगदान करता है

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएं। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

इस मायने मे देखे तो हम ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन तथा आत्मनिर्भरता को बखूबी बढ़ावा दे सकते हैं।

बिहार, जिसकी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन एक महत्वपूर्ण अंग है। बिहार मे कुल पशुओ की संख्या लगभग 36.5 मिलियन है। वह अपने यहाँ मुर्गीपालन, बकरी पालन, भेड़पालन, मधुमक्खी पालन आदि से ग्रामीण अर्थतंत्र को मजबूती दे सकता है।

कृषि के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मत्स्यपालन तो हमारे अर्थव्यवस्था को विविध रूपों में मजबूती प्रदान कर रही। भारत के 7516 किमी. समुद्रतटीय क्षेत्रों में लगभग 30% आबादी आजीविका के लिए मत्स्यपालन को अपनाए हुए हैं। इनके



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अलावे सी-फूड निर्यात, ब्लू इकोनामी को समर्थन, समुद्री पर्यटन आदि को बढ़ावा देकर जीवन स्तर, आय स्तर, अर्थव्यवस्था का एकीकरण किया जा सकता है।

खाद्य प्रसंस्करण, जिसे कृषि अर्थव्यवस्था में उभरते हुए क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की काया-कल्प कर सकती है। भारत सरकार के आँकड़े के अनुसार, भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र विश्व का सबसे बड़ा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र है, देश की जीडीपी में 9% योगदान, 2025-26 तक प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से 9 करोड़ रोजगार अवसर उत्पन्न करेगा तथा 2024-25 तक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या बढ़कर 1.5 लाख होने का अनुमान है, इससे

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

ग्रामीण आपूर्ति श्रृंखला, कृषि निर्यात, रोजगार सृजन, खाद्य सुरक्षा आदि को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थतंत्र को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण किया जा सकता है।

इसी तरह खाद्यान्न उत्पादन में देश वर्ष 2023 में रिकार्ड 315 मिलियन मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन कर आत्मनिर्भर हो गया है यद्यपि आज भी गेहूँ-चावल का हिस्सा ही अधिक है तो हम नगदी फसल- चाय, गन्ना, सोयाबीन आदि, बागवानी फसल, मोटे अनाज, तिलहन उत्पाद आदि को बढ़ावा दे तो इससे सतत विकास लक्ष्य-1 शून्य गरीबी, SDG-2 शून्य भुखमरी को प्राप्त करने में हमारे प्रयासों को गति मिलेगी।



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick का निशान लगाएँ। Mark Tick in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

वर्ष 2022 में भारत ने रिकार्ड 50 बि॰ डॉलर का कृषि निर्यात किया था, इसे और मजबूती मिलेगी इससे विदेशी मुद्रा भण्डार में वृद्धि तो होगी ही, साथ ही भारत विश्व की खाद्य सुरक्षा को भी संभाल सकता है और हमारी विदेश नीति को इससे मजबूती भी मिलेगी।

ग्रामीण अर्थतंत्र को देश की आवश्यकता बताते हुए दशकों पूर्व हमने अपनी यात्रा "जय जवान, जय किसान" नारे के साथ की, उस समय हम खाद्यान्न उत्पादन में न तो आत्मनिर्भर थे ना तो कृषि का तकनीकीकरण ही संभव हो पाया था। यद्यपि इस स्थिति में बदलाव आया और ग्रामीण कृषि आधारित अर्थतंत्र को गति मिली, जैसे



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

हरित क्रांति से खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा मिला तथा कृषि आधारित औद्योगिक विकास भी बढ़ा। आवश्यकता है कि द्वितीय हरित क्रांति को देश के सभी भागों में लाभपूर्ण उद्देश्यों के साथ लागू किया जाए।

भारत सरकार ने ग्रामीण अर्थतंत्र की मजबूती के लिए वर्ष 2017 में किसानों की आय दोगुनी करने संबंधी महत्वाकांक्षी लक्ष्य घोषित किया, जिसे तय सीमा 2022 तक प्राप्त नहीं किया जा सका है परंतु सरकार के अन्य प्रयासों – प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान संपदा योजना, पीएम मत्स्य संपदा योजना, गोबरधन योजना

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

इसके सामने सही बॉक्स में Tick का निशान लगाएँ। Mark Tick in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

खाद्य प्रसंस्करण केलिए PLI योजना, बिहार सरकार द्वारा 2025 तक हर खेत को पानी, जैविक हरित कॉरिडोर का विकास, बागवानी विकास मिशन, चतुर्थ कृषि रोडमैप 2023-28 आदि ऐसे प्रयास है, जिससे कृषि व्यवस्था में सुधार कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा रही।

इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज ई-NAM तथा MSP द्वारा किसानों तक उत्पादों का उचित मूल्य पहुँचाने में सफलता मिली है। सतत विकास मे कृषि को सहभागी बनाने केलिए जीरो टीलेज, जैविक खेती, नैनो यूरिया का प्रयोग, अन्य कृषि सहवर्ती क्षेत्र भी विकास मे भागीदारी कर रहे हैं।



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएं। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

सारांशत कहा जा सकता है कि अगर हम 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करना चाहते हैं तो उसमें कृषि अर्थव्यवस्था तथा ग्रामीण अर्थतंत्र का योगदान महत्वपूर्ण होने वाला है। इसके लिए जिस "जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान" के मंत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हम बढ़ रहे हैं, उसके लिए हमारे कृषि तथा ग्रामीण अर्थतंत्र को आधुनिक तथा रोजगारउन्मुखी के साथ-साथ लाभ का सौदा बनाना होगा तभी हमारी यह आकांक्षा पूरी होगी, जैसा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा "भारत की आत्मा गाँवों में बसती है।"



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही खाना में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ।
Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

## Section—II
## खण्ड—II

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

5. ☑ Current status of women empowerment : In perspective of political empowerment

महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति : राजनैतिक सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष्य में

6. ☐ Need and importance of Yoga for spiritual progress and physical and mental development

NA Q6 आध्यात्मिक उन्नति तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग की आवश्यकता और महत्त्व

7. ☐ Advantages and disadvantages of the New Education Policy, 2023

NA Q7 नई शिक्षा नीति, 2023 के फायदे और नुकसान

8. ☐ Impact of climate change on Indian agriculture and prevention measures

NA Q8 भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा बचाव के उपाय

"महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति : राजनैतिक सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष्य में"

" तन के भूगोल से परे,
मन की गाँठ खोलकर, क्या कभी देखा है तुमने,
उसके अंदर खौलते इतिहास को,
अगर नहीं तो,
क्या जानते हो तुम,
रसोई और बिस्तर के गणित से परे,
एक स्त्री के बारे में "

✓ एक महिला की सभी पक्षों को उद्घाटित करती यह पंक्ति सहर्ष हमें

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएं। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

उस ओर चिंतन की ओर आकृष्ट करती है, स्त्री हमारे सृजनकर्ता, पालनकर्ता से लेकर क्यों प्राचीन काल से ही अपने अधिकारों, स्वतंत्रता को लेकर एक प्रकार से किनारे कर दिए जाने की प्रवृति का शिकार रही, जिससे उसका सशक्तिकरण का मुद्दा हमेशा सवाल के घेरे में रहता है। इस संदर्भ में हमें विचार करना आवश्यक जान पड़ता है कि महिला सशक्तीकरण क्या है? इसके विविध रूप कौन-कौन से है? समयकाल में इसकी यात्रा कहाँ तक सफल रही है? फिर हम इस दिशा में उठाए जाने वाले कदमों तथा इसकी प्रभावी भूमिका की जाँच करेंगे।

महिला सशक्तिकरण का शाब्दिक अर्थ है - महिलाओं का स्वावलंबन।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

समाज में बराबरी की स्थिति और उसको भी वही स्वतंत्रता प्राप्त हो जो समाज में पुरूषों को प्राप्त है। सिर्फ उसे लिंग आधारित अंतर से कमजोर स्थिति में नहीं छोड़ दिया जाए। एक शायर ने कहा था;

" कौन देखे जिस्म से आगे औरत को
सभी आँखे गिरवी है इस नगरी में "

अर्थात् महिलाओं को पर्याप्त राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा व्यक्तिगत अधिकार हो तभी उसका सशक्तिकरण होगा।

महिला सशक्तिकरण की यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि चाहे प्राचीन वैदिक समाज हो या भारतीय इस्लाम कालीन समाज, स्त्री को देवी की तरह पूजे जाने तथा उसको सभी अधिकार



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay
Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

प्राप्त थे। तभी तो प्राचीन काल में लोपा मुद्रा, गार्गी आदि की सशक्त भूमिका नजर आती है तो समय चक्र के साथ महिला पर विभिन्न प्रतिबंध आरोपित कर दिए गए, उसकी भूमिका को चाहरदिवारी के अंदर समेटने की कोशिश की गयी, जिस कारण उसकी दयनीय स्थिति होती चली गयी।

यद्यपि ~~सामाज~~ समाज सुधार आंदोलन से महिलाओं की स्थिति में कमोबेश सुधार की यात्रा प्रारंभ हुयी, जिसे स्वतंत्रताकाल में गति मिली और इसकी वर्तमान यात्रा रोमांचकारी रूप से आगे बढ़ रही है।

वैश्विक स्तर पर कमला हैरिस का अमेरिकी उपराष्ट्रपति पद निर्वाचित होना या सेरेना विलियम्स द्वारा टेनिस में रिकार्ड,



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

क्रिस्टियाना कोच अंतरिक्ष में सर्वाधिक समय तक रहने वाली यात्री हो या यूरोपीय संघ का नेतृत्व करती महिला यह कुछ उदाहरण है जो सभी क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण की परिचायक है।

भारतीय संदर्भ में देखे तो यहाँ इंदिरा गाँधी का प्रधानमंत्री के रूप में नेतृत्व, प्रतिभा पाटिल का देश का प्रथम महिला राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचन हो या द्रौपदी मुर्मू जी का पहली आदिवासी महिला के रूप में राष्ट्रपति पद पर निर्वाचन, मीरा कुमार जी का पहली लोकसभा महिला अध्यक्ष बनना, यह सभी इस बात की तस्दीक करते हैं कि राजनैतिक रूप से महिलाएँ सशक्त हो रही हो।

✓

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

यहाँ प्रश्न विचारणीय है कि क्या महिलाओं का यह राजनीतिक सशक्तिकरण पर्याप्त है? भारतीय परिप्रेक्ष्य में देखे तो शायद नहीं, इसका प्रमुख कारण हमारी पुरुषवादी समाज की मानसिकता रही है तभी तो आजादी के 75 वर्ष बाद भी हमारे संसद में महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम है। 17वीं लोकसभा में कुल 78 महिला सांसद सदस्य चुनी गयी, राज्यसभा में 24 महिला सदस्य है जो वैश्विक अनुपात देखे तो कम है क्योंकि वैश्विक स्तर पर राजनीतिक प्रतिनिधित्व का औसत 26% है, नार्डिक देशों में यह औसत 60% से अधिक है, जबकि भारतीय लोकसभा में महिला प्रतिनिधित्व मात्र 15% है जबकि राज्य विधानसभाओं में तो औसतन 10% महिला प्रतिनिधि भी नहीं है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

आज भी हमारा समाज आधी आबादी को पर्याप्त राजनैतिक अधिकार नहीं दे पाया है। इसके पीछे अनेक सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक कारण उत्तरदायी रहे हैं, सुमित्रानंदन पंत ने इसी संदर्भ में सटीक कहा है कि

> 'योनि नहीं है नारी रे, वह भी है मानवी प्रतिष्ठित
> उसे तुम मुक्त करो, ना रहे वह किसी पर आश्रित'

इस दिशा में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। भारतीय संविधान का अनु. 14 सबको समानता का अधिकार देता है, तो अनु. 15 द्वारा लिंग आधारित भेदभाव पर प्रतिषेध, अनु. 16 अवसर की समता, अनु. 39, 42, 46 महिलाओं की स्थिति में सुधार का उपबंध

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

करता है। सभी को मत का अधिकार, चुनाव में भाग लेने का अधिकार दिया गया है तो 73वें-74वें संविधान संशोधन द्वारा ग्रामीण तथा शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं केलिए आरक्षण का उपबंध भी किया गया है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारतीय संसद ने हाल ही में 106वें संविधान संशोधन अधिनियम (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) द्वारा लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं में 33% सीटें महिलाओं के प्रतिनिधित्व केलिए आरक्षित की है।

बिहार सरकार तो महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण में अग्रणी रहा है। वर्ष 2006 में बिहार पहला राज्य बना जिसने स्थानीय निकायों में 50% महिला आरक्षण लागू किया। साथ ही

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

वर्ष 2007 में शहरी निकायों में 50% महिला प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया।

महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के अनेक फायदे हैं। पहला, महिला प्रतिनिधित्व बढ़ने से महिला संबंधी मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया जा सकेगा तथा आधी आबादी की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। दूसरा महत्वपूर्ण फायदा है, महिला विधायक, सांसद मुखिया की भागीदारी बढ़ने से ~~राज~~ राजनीति के अपराधीकरण पर रोक लगेगी।

तीसरा महत्वपूर्ण तथ्य है कि जिस संविधान की भावना ने समतामूलक समाज की कल्पना की और सबको समान राजनैतिक अधिकार की बात की वह पर्याय साबित होगा।

✓

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

बाबा साहब का कथन कि "मैं किसी समाज की प्रगति उस समाज में महिलाओं की स्थिति से मापता हूं", को सशक्त रूप दिया जा सकेगा।

चौथा, महिलाओं के प्रति बढ़ते लैंगिक हिंसा, घरेलू अपराध, बालात्कार, छेड़खानी की घटनाओं को त्वरित रूप से सुलझाने में महिला केन्द्रित विचार को मजबूती मिलेगी तथा प्रशासन को भी महिला मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाने में मदद मिलेगी।

सबसे महत्वपूर्ण रूप में जिस भारतीय समाज की पहचान मातृशक्ति आधारित नैतिक विचारों से की जाती है, उसे महिला नेतृत्व से पुनः पाया जा सकेगा। इसी कारण तो किसी ने सही कहा,



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick का निशान लगाएँ। Mark Tick in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

✓ 10 Q5

"तुम(स्त्री) हो तो यह घर, घर लगता है
वरना इसमें डर लगता है"

✓ 10 Q5

सारांशतः कहा जा सकता है कि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की बाधाओं को हमने वैश्विक या राष्ट्रीय स्तर पर, पार किया है, उसे ईमानदारी तथा निष्ठा से जारी रखने की आवश्यकता है। आज नारी जिस रूप में अंतरिक्ष का क्षेत्र हो या खेल का मैदान,

✓ 10 Q5

आर्थिक बुलंदियों को छूना हो या सैन्य मोर्चे पर नेतृत्व, शिक्षा के क्षेत्र में लंबी छलांग हो या प्रशासन में कीर्तिमान बनाती बेटियाँ, नए-नए स्तंभ स्थापित कर रही उसे मजबूत

✓ 3 Q5

करन करने में राजनीतिक सशक्तिकरण सबसे महत्वपूर्ण कदम है, तभी नारी भी कहेगी

✓ "सुबह की लाली से जो मुस्कान भरती है,
क्या है जो वह(नारी) नहीं कर सकती है"

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

प्रश्नों के सामने दी गई बॉक्स में Tick का निशान लगाएं
Mark Tick in the appropriate box in front of Question No.

NA Q9
NA Q11
NA Q12

## Section—III
## खण्ड—III

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

9. ☐ Bin samaj ke boli ho sakela ka, bin boli (Bhasha) samaj ho sakela ka!
बिन समाज के बोली हो सकेला का, बिन बोली (भाषा) समाज हो सकेला का!

10. ☑ Dhobiyak kukur nen ghar ke ne ghat ke
धोबियक कुकुर नें घर के ने घाट के

11. ☐ Agu nath nai pachhu pagaha, bina chhan ke kude gadha
आगु नाथ नै पाछू पगहा, बिना छान के कूदे गधा

12. ☐ Aner dhuner ke Ram rakhavar
अनेर धुनेर के राम रखवार

"धोबियक कुकर ने घर के ने घाट के"

'वर्षों पूर्व की बात है, ऑटोमन साम्राज्य अपनी ढलान की ओर था और प्रथम विश्व युद्ध की छाया विश्व पर पड़ने ही वाली थी। गठजोड़ की तेजी ऐसी थी कि चाहे वह मित्र राष्ट्र हो धुरी राष्ट्र वे किसी न किसी अपने पाले में लाना चाहते थे। इस समय अरब राष्ट्रों ने मित्र राष्ट्रों का साथ इस आशय से चुना कि

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

उन्हें स्वतंत्रता की प्राप्ति होगी। जब युद्ध खत्म हुआ और पेरिस शांति सम्मेलन 1919 द्वारा ना तो अरबों की मांग मित्र राष्ट्रों ने पूरी और ना ही किसी प्रकार की मरहम लगाया। बदले में अरब क्षेत्रों में मैंडेट प्रणाली लागू की गयी और अरब भी औपनिवेशिक शासन का शिकार हो गए, फिलिस्तीन क्षेत्र में यहूदी बसाव इसी दौरान प्रारंभ हुआ, जो आज भी इजरायल-फिलिस्तीन विवाद के रूप में मौजूद है।

इससे अरब राष्ट्रों की हालत भी धोबी के उस कुत्ते के समान हो गयी थी कि ना तो अपने घर को अरब बचा सके ना तो उनकी इच्छा रूपी घाट की प्राप्ति हुयी। इसी प्रकार के स्थितियों को भोजपुरी लोकोक्ति में,

"धोबियक कुकुर ने घर के ने घाट के"



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay
Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है - कहीं का ना रह जाना। अर्थात् आपकी हालत ऐसी हो जाना, जिसमें ना तो आपको अपने आस-पास सम्मान मिलता है ना ही आपको बाहर सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इस प्रकार की प्रवृत्ति हम आमतौर पर व्यक्तिगत जीवन से लेकर राजनीतिक-सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक आदि रूपों में देखने को मिलती है।

'धोबियक कुकुर ने घर के ने घाट के' की व्याख्यात्मक समझ को हम दो रूपों में देख सकते हैं - एक व्यंग्य के रूप में तो दूसरे चेतावनी के रूप में। अर्थात् अगर किसी रूप से धोबी के कुते के समान हालत होगयी तो आप कहीं के ना रहेंगे, उससे बेहतर है कि आप धोबी के कुते होने की

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

प्रवृति से बचिए।

हम अपने आस-पास के समाज में देखते हैं कि लोग बड़ी-बड़ी डींग हाँकते रहते हैं लेकिन उनका अंत धोबी के कुते के समान ही होता है। उदाहरण के लिए वर्षों पूर्व आयी शोले हिंदी फिल्म में एक दृश्य यह भी है कि गब्बर के साथी इसके खौफ के दम पर गाँवो में लूटपाट-वसूली करते हैं लेकिन एक बार जब नायक जय-वीरु से गब्बर के 5-6 साथी भी पार नहीं पा सकते हैं और खाली हाथ लौट आते हैं तो गब्बर उनकी जान ले लेता है।

यह कहानी बताने को काफी है कि गब्बर के आदमी, धोबी के उसी कुते के समान थे, जिनका सम्मान ना तो घर में हुआ या घाट में। दूसरी तरफ



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने की सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

शोले फिल्म का ठाकुर का किरदार यह दर्शाता है कि अगर आपके पास विरोध की हिम्मत हो तो आपकी हालत धोबी के कुते के समान नहीं होगी।

मनोवैज्ञानिक स्तर पर देखें तो हम हमेशा इस बात को लेकर आशंकित रहते हैं कि हमारे निर्णय हमें किस ओर ले जा सकते हैं? यह काफी हद तक सही भी है, लेकिन सिर्फ किसी की देखा-देखी या चुनौतियों से डरकर हम निर्णय ना ले पाए तो हमारी हालत क्या धोबी के कुते के समान ही नहीं?

इसके लिए एक यह प्रवृति भी जिम्मेवार रही है कि हमारे अंदर दिखारी विचार होते भोजपुरी में कहा जाता है,

" बउठल बानी रजा पर
मन बाटे मुसा पर"

अर्थात् आप एकाग्रता से

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

काम नहीं ले तो आपकी भी हालत अंत में धोबी के उस कुत्ते के समान हो जाएगी, जो न तो घर का रहता है न घाट।

भू-राजनैतिक क्षेत्र में आज सभी देश अपनी राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रहे हैं। इस दिशा में किसी के प्रयास समावेशी विकास, मानव कल्याण को बढ़ावा देने वाली भावना से प्रेरित तो दूसरी तरफ चीन की ऋण कूटनीति, बीआरआई द्वारा भारी मात्रा में आर्थिक निवेश का वायदा एक तरफ से कई देशों को धोबी के कुत्ते की हालत में धकेल चुका है। उदाहरण जैसा श्रीलंका का हालिया आर्थिक संकट तथा राजनीतिक अस्थिरता कुछ इसी प्रकार के प्रभावों की प्रतिक्रिया थी।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

'धोबी के कुकुर ने घर के ने घाट के' - एक यह भावना भी प्रदर्शित करता है कि आपको आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ बढ़ना होगा क्योंकि यही रास्ता है जो धोबी के कुते के रास्ते पर जाने से रोकता है।

अगर हम कल्पना करें कि अगर हमारे नीति-निर्माताओं ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने केलिए कृषि व्यवस्था को बढ़ावा नहीं दिया होता, लोकतंत्र को बढ़ावा नहीं दिया होता तो क्या हम वैसा दिन नहीं देखते जैसा आज हमारे साथ स्वतंत्र हुए पाकिस्तान को देखना पड़ रहा? पाकिस्तान में छद्म लोकतंत्र के साथ सैन्य दखलदांजी जगजाहिर है, जिस कारण वहाँ जिस तरह आतंकवाद तथा आर्थिक संकट उत्पन्न हुआ है, उसमें उसकी हालत धोबी के कुते के समान हो गयी है - आंतरिक संकट के साथ बाहरी सहायता का सीमित होने से।



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

वर्तमान विश्व वैश्वीकरण तथा प्रतिस्पर्धा का युग है, यहाँ आप व्यक्तिगत स्तर पर अगर ~~अब~~ धोबी के कुते की प्रवृति से ग्रसित हुए तो शायद आपको निराशा ही हाथ लगे। वहीं दूसरी ओर एक रास्ता यह भी है आप अपने कर्मों पर विश्वास करें तथा अपना रास्ता स्वयं चुने, तभी आपको रास्ते में भी मजा आएगा।
किसी ने कहा भी है,

"क्यों डरे जिंदगी में क्या होगा
कुछ नहीं तो तजुर्बा नया होगा"

ऐसे अनेक उदाहरण है जिसने इस चीज को साबित किया है। मोहनदास करमचंद गाँधी ~~बन~~ से महात्मा गाँधी तक का सफर, नेल्सन मंडेला द्वारा प्रतिरोध, सिमोना दा ब्रोहा का महिला आंदोलन में योगदान ऐसे ही उदाहरण है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

आज राजनीति - आर्थिक - सामाजिक जैसे क्षेत्रो मे चापलूसी जैसी प्रवृति भी बढ़ रही या असहिष्णुता का स्तर बढा हो, मीडिया की भूमिका को लेकर उठाया जाने वाला सवाल हो, यह कहीं न कहीं धोबी के कुत्ता, ने घर के या घाट के प्रवृति को बढ़ावा देते नजर आते हैं, जिससे बचने की पुरजोर कोशिश होनी चाहिए।

निष्कर्षतः कहा जासकता है कि व्यक्तिगत स्तर हो या सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, वैचारिक, मनोवैज्ञानिक क्षेत्र हमें उस प्रवृति की ओर बढ़ना है, जो यह सिखलाती है कि "ऊंची है उड़ान तो क्या जज्बा अभी बाकी है"

इससे हमारे आस-पास

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

धोबी के कुकुर ने घर के ने घाट के प्रवृत्ति' को सीमित करने में सहायता मिलेगी और जिस समतामूलक सामाजिक समाज स्वतंत्रता, मानवता की भावना की कल्पना हमारे मनोमस्तिष्क में है, वह पूरी होगी। कवि दुष्यंत कुमार की यह पंक्ति हमें याद रखनी चाहिए

"हो गयी पीर, पर्वत सी पिघलनी चाहिए
इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए
सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं
मेरा मकसद है ये सूरत बदलनी चाहिए
मेरे दिल में ना सही, तेरे दिल में ही सही
हो आग जहाँ भी पर अब ये आग
जलनी चाहिए"

✓ 58 Q10

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ।
Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.


38

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान




Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

★★★



Akhilesh Kumar, Rank 11 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com